समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# Pharmacy Week 2025: बिलासपुर मे टैगोर ग्रुप मे शिक्षा, नवाचार और प्रेरणा का संगम

Awas Kaiwart
Published on 20 Nov 2025



छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में स्थित टैगोर ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट, फार्मेसी, सकरी में Pharmacy Week 2025 का भव्य और उत्साहपूर्ण आगाज़ हुआ। 19 से 22 नवंबर तक आयोजित इस चार दिवसीय आयोजन ने शुरुआत से ही एक ऊर्जावान माहौल बना दिया। संस्थान परिसर में छात्रों, संकाय सदस्यों और अतिथियों का जोश देखते ही बन रहा था।

उद्घाटन दिवस की शान तब और बढ़ गई जब कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में चेयरमैन दीपक सिंह राजपूत तथा रजिस्ट्रार ओमकार देवांगन विशेष रूप से कार्यक्रम में शामिल हुए। दोनों गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने समारोह को गौरवपूर्ण बना दिया और छात्रों में नई ऊर्जा का संचार किया। अतिथियों का छात्रों द्वारा परंपरागत स्वागत पूरे संस्थान के लिए गर्व का क्षण बना।

चेयरमैन दीपक सिंह राजपूत ने अपने संबोधन में युवाओं को अनुशासन, समर्पण और शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि फार्मेसी क्षेत्र आज तेजी से बदलाव के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने बताया कि फार्मासिस्ट केवल स्वास्थ्य क्षेत्र का एक हिस्सा नहीं, बल्कि समाज की सेवा का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में दवाइयों के शोध, फार्मास्यूटिकल तकनीक और हेल्थ केयर सेक्टर में युवाओं के लिए अनगिनत अवसर मौजूद हैं, बस उन्हें लगातार मेहनत और समर्पण के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है।

रजिस्ट्रार ओमकार देवांगन ने भी छात्रों को नवाचार और अनुसंधान की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि फार्मेसी केवल करियर नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का एक पवित्र दायित्व है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे ज्ञान का उपयोग समाज की बेहतरी के लिए करें और आधुनिक तकनीक के साथ अपने कौशल को मजबूत करें।

इस आयोजन की सफलता में संस्थान के सहायक प्राध्यापकों का योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। कार्यक्रम प्रबंधन, प्रतियोगिताओं के संचालन, छात्रों को दिशा-निर्देश देने और आयोजन की हर गतिविधि को सुचारु रूप से संपन्न कराने में सहायक

प्राध्यापकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इनमें प्रमुख रूप से सुमन राठौर, पावेंद्र कुमार, अमर कुमार, लक्ष्मी साहू, पंकज मिंज, सत्येंद्र प्रधान, सौरभ दास, प्रीति साहू, दीपक प्रजापति और प्रेरणा पटेल शामिल रहे। इन सभी के प्रयासों से कार्यक्रम का हर चरण आकर्षक और सुव्यवस्थित रहा।

Pharmacy Week की इस भव्य शुरुआत को और खास बनाया प्राचार्य डॉ. मोहम्मद अख़्तर रसूल के प्रेरक संदेश ने। उन्होंने छात्रों से कहा कि यह सप्ताह केवल उत्सव या कार्यक्रम भर नहीं, बल्कि फार्मेसी पेशे की जिम्मेदारी, सेवा और ज्ञान का प्रतीक है। उन्होंने कहा—
**“Pharmacy Week केवल उत्सव नहीं, यह जिम्मेदारी, सेवा और ज्ञान का संगम है। यही मूल्य हमे एंक बेहतर फार्मासिस्ट और बेहतर इंसान बनने की दिशा दिखाते है।”**
उनके इस संदेश ने छात्रों के मन में नई प्रेरणा जगाई और उनके लक्ष्य के प्रति विश्वास को मजबूत किया।

कार्यक्रम में विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक और जागरूकता गतिविधियाँ शामिल की गई हैं, जिनमें छात्र उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। इसके माध्यम से न केवल छात्रों की प्रतिभा को मंच मिलता है, बल्कि उनके पेशेवर कौशल का भी विकास होता है।

टैगोर ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट का यह आयोजन इस बात का स्पष्ट उदाहरण है कि जब नेतृत्व दूरदर्शी हो, संकाय समर्पित हो और छात्र उत्साह से भरे हों, तो सफलता की नई कहानियाँ स्वतः लिखी जाती हैं। Pharmacy Week 2025 की शुरुआत ने पूरे संस्थान में एक नए आत्मविश्वास और ऊर्जा का संचार किया है, जो आने वाले दिनों में और भी उपलब्धियों का मार्ग प्रशस्त करेगा।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Awas Kaiwart, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.